Title: Urged upon the Government to take steps to save the people and their lands of the villages in Jammu which are overflooded by the river Chenab and to allocate special fund for the purpose.

वैद्य विणु दत्त शर्मा (जम्मू) : महोदय, मैं गत तीन वर्षों से हाउस को सूचित कर रहा हूं कि चेनाब नदी के कारण जब वर्षा में बाढ़ आती है तो इस नदी के पानी का रूख बदलने के कारण इसके दोनों किनारों पर प्रतिवर्ष कितने ही गांव बह जाते हैं। किसान बेकार हो जाते हैं और फसल भी बर्बाद हो जाती है। जब हम केन्द्र सरकार से कहते हैं कि बाढ़ के पानी के रुख को बदला जाए तो फंड का अभाव दर्शाते हैं, कहते हैं कि पैसे नहीं हैं। अगर केन्द्र सरकार बाढ़ के कारण बहने वाले गांवों को नहीं बचाएगी, इस वर्ष भी बहुत बड़ी बाढ़ है और उस कारण कई गांव और उन लोगों की जमीनें बह रही हैं। पिछले वर्षों में उजड़े हुए लोगों और उन किसानों को अभी तक आबाद नहीं किया जा सका। आज वे भुखमरी के कगार पर हैं।

महोदय, मेरा आग्रह है कि इस वर्ष केन्द्र सरकार कोई मजबूत कदम उठाए और उन लोगों को बहने से बचाए।â€¦ (व्यवधान) यहां पहले से ही बेरोजगारी और भुखमरी है, यह और बढ़ जाएगी। इन हालात में केन्द्र सरकार को आगे बढ़ कर, वहां विशेष धन देकर उन बहने वाले गांवों के लोगों और उनकी जमीनों को बचाना चाहिए ताकि वे लोग बेरोजगारी और भुखमरी से बच सकें।